**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

# राज्यपाल ने 5वें अतंर्राष्ट्रीय युवा फिल्म महोत्सव का उद्घाटन किया
## राज्यपाल ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर आदरांजलि अर्पित की

लखनऊः 25 अप्रैल, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राष्ट्रीय युवा संस्थान द्वारा आईनाॅक्स में आयोजित 5वें अंतर्राष्ट्रीय युवा फिल्म महोत्सव का उद्घाटन किया। यह युवा फिल्म महोत्सव पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रखर राजनेता स्व0 हेमवती नंदन बहुगुणा के 98वें जन्म दिवस को समर्पित था। यह शो विशेष रूप से गरीब बच्चों के लिये आयोजित किया गया था जिसमें फिल्म 'निल बटे सन्नाटा' का प्रदर्शन किया गया। फिल्म 'निल बटे सन्नाटा' में एक गरीब माँ की कहानी दर्शायी गयी है जो अपनी बेटी को प्रशासनिक अधिकारी बनाना चाहती है। इस अवसर पर डा0 आर0आर0 आचार्य अध्यक्ष लक्ष्मीरमण आचार्य फाउंडेशन, पूर्व कुलपति डा0 अनीस अंसारी, आईनाॅक्स सिनेमा के महाप्रबंधक श्री आकाश खत्री, सुश्री शबनम पाण्डेय सहित अन्य गणमान्य नागरिक व छोटे बच्चे उपस्थित थे।

राज्यपाल ने इस अवसर पर स्व0 हेमवती नंदन बहुगुणा के चित्र पर माल्यार्पण करके अपनी आदरांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आज स्व0 बहुगुणा जी का 98वां जन्म दिवस है। हाल में उपस्थित कुछ लोगों ने उन्हें देखा होगा। राजनैतिक कारण से मेरा उनसे सम्पर्क था। आपातकाल में कई राजनैतिक पार्टियाँ एक साथ थी। स्व0 बहुगुणा जी 1980 में मुंबई आये थे तो हम लोगों ने अलग-अलग समय पर एक ही जगह अपना अधिवेशन किया था।

श्री नाईक ने कहा कि सभी राजनैतिक लोगों से संबंध रखना हेमवती नंदन बहुगुणा जी की विशेषता थी। उत्तर प्रदेश के विकास के लिये उनका योगदान नये इतिहास लिखने जैसा था। दो वर्ष बाद उनकी जन्म शताब्दी मनायी जायेगी। उन्होंने आग्रह किया कि बहुगुणा जी की जन्म शताब्दी वर्ष पर बड़े पैमाने पर आयोजन करके उनकी सेवाओं के प्रति लोग अपनी कृतज्ञता प्रकट कर सके। उन्होंने कहा कि ऐसा व्यक्तित्व कम देखने को मिलता है।

राज्यपाल ने फिल्म देखने आये बच्चों को सम्बोधित करते हुये कहा कि फिल्म के माध्यम से बच्चे स्वयं में नैतिक गुण विकसित करें। बच्चे फिल्म के संदेश को अपने जीवन के व्यवहार में लायें। बड़ा लक्ष्य बनाकर मेहनत करें तथा लक्ष्य की प्राप्ति के लिये निरन्तर प्रयास करते रहें। उन्होंने आयोजकों की प्रशंसा करते हुये कहा कि फिल्म महोत्सव गरीब बच्चों को आगे बढ़ाने का एक अच्छा प्रयास है।

कार्यक्रम में श्री आर0आर0 आचार्य ने स्व0 हेमवती नंदन बहुगुणा के जीवन एवं कृत पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा सुश्री शबनम पाण्डेय ने आभार प्रकट किया। राज्यपाल ने कुछ देर फिल्म का अवलोकन भी किया।

-------

अंजुम/ललित/राजभवन (155/34)




राष्ट्रीय युवा संस्थापन
National Youth Foundation
welcomes you at
International
Film Festival
2017 at INOX Cinema
Lucknow
venue partner
INOX

